अमर उजाला 20/03/2025



छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में संबोधित करते वक्ता। कॉलेज

# गणित में समस्या समाधान एक कौशल : गुप्ता

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में गणित विभाग की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें मुलाना विश्वविद्यालय के गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. विशाल गुप्ता ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रोहित दत्त ने गणित की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणित ही एक मात्र ऐसा विषय है, जो दैनिक जीवन से लेकर आज के समय की मांग आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तक उपयोग में आता है। डॉ. विशाल गुप्ता ने बताया कि गणित में समस्या समाधान एक महत्वपूर्ण कौशल है, जो वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने और गणितीय अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। कार्यक्रम के आरंभ में गणित विभागाध्यक्ष और कार्यक्रम की कन्वीनर डॉ. पिंकी, को-कन्वीनर प्रो. सुजाता और कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश सैनी ने मुख्य वक्ता का स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। संवाद